**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (प्रथम सत्र) 2026-27**

**कक्षा - नवीं**

**विषय- हिंदी**

**निर्धारित समय - 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश -**

■ **निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए।**

■ **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

■ **इस प्रश्न पत्र की कुल चार खंड हैं - क, ख, ग, घ**

■ **खंड - 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं,जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।**

■ **खंड - 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**

■ **खंड - 'ग' पाठ्य -पुस्तक पर आधारित प्रश्न है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।**

■ **खंड - 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न है ,आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**

■ **यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

## खंड - 'क' (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-7

पिछले कुछ वर्षों में इसरो ने अपनी सफलताओं से दुनिया के सामने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। इससे पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ी है। अंतरिक्ष अभियानों में भारत की सहभागिता को लेकर पहले जो विकसित पश्चिमी देश सवाल उठाते थे, आज वही देश अपने उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए भारतीय राकेटों का सहारा ले रहे हैं। निस्संदेह अंतरिक्ष में भारत को आगे ले जाने की कड़ी-दर-कड़ी ये कोशिशें इन अभियानों की जटिलता और उनसे जुड़ी तैयारियों और हमारे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और अंतरिक्ष यात्रियों के योगदान और दिन-रात के अथक परिश्रम की झलक दिखाती है। इस दृष्टि से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यह अंतरिक्ष यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है। स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के बाद ऐसा करने वाले वे दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जिससे अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की बढ़ती क्षमताओं और वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती भूमिका रेखांकित होती है। साथ ही, यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमताओं का प्रतीक है। शुभांशु शुक्ला की कहानी लाखों भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी यात्रा दिखाती है कि कड़ी मेहनत, समर्पण और अपने सपनों पर दृढ़ विश्वास करके कोई भी बाधाओं को पार कर सकता है। अपने जुनून का अनुसरण कर उन्होंने एक ऐसे क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। शुभांशु शुक्ला की इस सफल अंतरिक्ष यात्रा से भारत के अंतरिक्ष अभियानों को प्रोत्साहन मिलेगा और भविष्य में अधिक नवीन परियोजनाओं को बल मिलेगा।

(i) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर के लिए सर्वाधिक सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1)

कथन: अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर भारत की साख बढ़ी है।

कारण: इसरो ने अपनी कामयाबियों से दुनिया को अपनी क्षमता का परिचय दिया ।

विकल्प :-

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(ii) गद्यांश के अनुसार, राकेश शर्मा के बाद शुभांशु की यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय क्यों है? इस प्रश्न के उत्तर में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1)

I. भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की निरंतरता और विकास को दर्शाती है।

II. इससे भारत के अंतरिक्ष उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और स्थिति सुदृढ़ होगी।

III. यह यात्रा अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति और वैश्विक पहुँच दर्शाती है।

IV. यह पहली बार भारत द्वारा स्वतंत्र रूप में किया गया मानव मिशन है।

विकल्प :

(A) I-II-III (B) I-II-IV (C) II-III-IV (D) I-III-IV

(iii) शुभांशु शुक्ला की यात्रा भारतीय युवाओं को क्या संदेश देती है ? (1)

(A) धन और प्रसिद्धि कमाने का

(B) अंतरिक्ष यात्रा के सपने सच करने का

(C) विज्ञान विषय पढ़ अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का

(D) कड़ी मेहनत और समर्पण से सपने सच करने का

(iv) इसरो ने विकसित पश्चिमी देशों की सोच कैसे बदली ? (2)

(v) अंतरिक्ष अभियान एक जटिल और साझा अभियान है, गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए (2)

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- 7

साहित्य को समाज का प्रतिबिंब माना गया है अर्थात् समाज का पूर्णरूप साहित्य में प्रतिबिंबित होता रहता है। अनादि काल से साहित्य अपने इसी धर्म का पूर्ण निर्वाह करता चला आ रहा है। वह समाज के विभिन्न रूपों का चित्रण कर एक ओर तो हमारे सामने समाज का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करता है और दूसरी ओर अपनी प्रखर मेधा और स्वस्थ कल्पना द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं का विवेचन करता हुआ यह भी बताता है कि मानव समाज की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और विकास के लिए कौन-सा मार्ग उपादेय है। एक आलोचक के शब्दों में-कवि वास्तव में समाज की व्यवस्था, वातावरण, धर्म-कर्म, रीति-नीति तथा सामाजिक शिष्टाचार या लोक व्यवहार से ही अपने काव्य के उपकरण चुनता है और उनका प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है।साहित्यकार उसी समाज का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें वह जन्म लेता है। वह अपनी समस्याओं का सुलझाव, अपने आदर्श की स्थापना अपने समाज के आदर्शों के अनुरूप ही करता है। जिस सामाजिक वातावरण में उसका जन्म होता है, उसी में उसका शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास भी होता है। अतः यह कहना सर्वथा असंभव और अविवेकपूर्ण है कि साहित्यकार समाज से पूर्णतः निरपेक्ष या तटस्थ रहकर साहित्य सृजन करता है। वाल्मीकि, तुलसी, सूर, भारतेंदु, प्रेमचंद आदि का साहित्य इस बात का सर्वाधिक सशक्त प्रमाण है कि साहित्यकार समाज से घनिष्ठ रूप से संबंध रखता हुआ ही साहित्य सृजन करता है। समाज की अवहेलना करने वाला साहित्य क्षणजीवी होता है।

(i) साहित्य समाज का प्रतिबिंब है क्योंकि यह - (1)

(A) समाज की वास्तविकता का द्योतक है।

(B) समाज में लोक व्यवहार का समर्थक है।

(C) व्यक्ति की समस्याओं का निदान करता है।

(D) साहित्य को दिशा प्रदान करता है।

(ii) यह गद्यांश हमें दर्शाता है - (1)

(A) समाज एवं साहित्य का पारस्परिक संबंध

(B) समाज एवं साहित्य की अवहेलना

(C) साहित्यकार की सृजन शक्ति

(D) सामाजिक शिष्टाचार एवं लोक व्यवहार

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1)

कथन (A) : कवि अपने काव्य के उपकरणों का प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है।

कारण (R) : कवि हृदय अत्यधिक संवेदनशील होता है एवं सदैव देशहित चाहता है।

विकल्प :-

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) साहित्य प्राचीनकाल से किस धर्म का निर्वाह करता आ रहा है ? (2)

(v) क्या साहित्यकार समाज से पूर्णतः निरपेक्ष या तटस्थ रह पाता है ? (2)

## खंड - 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1X2=2)

(i) निम्नलिखित शब्दों का समानार्थी शब्द लिखिए -

तीर, क्रोध

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए-

रानी विधवा हुई हाय! <u>विधि</u> को भी दया नहीं आई।

(iii) किसान शब्द के लिए उचित समानार्थी शब्द का चयन कीजिए-

मजदूर, मेहनती, पारिश्रमिक, कृषक

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1X2=2)

(i) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखिए -

ईंट का जवाब पत्थर से देना।

(ii) निम्नलिखित वाक्य में उचित मुहावरे का प्रयोग कीजिए -

सावधानी न बरतने के कारण मेरी बहुमूल्य घड़ी ________________ ।

(iii) निम्नलिखित वाक्य में मुहावरे को पहचानिए और उस से नया वाक्य बनाइए -

दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1X4=4)

(i) 'प्र' उपसर्ग का प्रयोग करते हुए दो नवीन शब्द बनाइए।

(ii) निम्नलिखित वाक्य में उपसर्ग सहित शब्द का प्रयोग करते हुए स्थान की पूर्ति कीजिए-

प्रेमचंद जी का जीवन समाज ______________ का भी रहा है|

(iii) 'अमीरी' शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।

(iv) निम्नलिखित वाक्य में दिए गए शब्द में उचित प्रत्यय का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

निबंध लिखना बड़ी ____________________ (कठिन) बात है।

(v) एक ऐसा शब्द लिखिए जिसमे उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग किया गया हो।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X2=2)

(i) कहानी संवादहीन जीवन के मौन का प्रतीक है

(ii) लता जी की छवि सरल समर्पित और आत्मसम्मान रखने वाले व्यक्ति के रूप में उभरती है

(iii) जहँ-जहँ जाओ तुम्हरी पूजा से क्या अभिप्राय है

7. निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1X6=6)

(i) हीरा और मोती किस प्रकार की संज्ञा है ?

(ii) 'प्रेम' शब्द में संज्ञा का भेद लिखिए |

(iii) गाँव के लोग सरल होते हैं- वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा शब्द छाँटिए।

(iv) माता-पिता चाहते हैं कि वह उनकी बात माने- वाक्य में सर्वनाम बताइए।

(v) <u>जो</u> मेहनत करता है <u>वही</u> सफल होता है- वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का भेद बताइए।

(vi) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त निपात शब्द पहचानिए -

झूरी बैलों को मारता तक नहीं था।

(vii) 'ही' निपात का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**खंड - ग ( पाठ्यपुस्तक )**

8. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1X5=5)

" एक विद्वान का कथन है कि निबंध छोटा होना चाहिए। छोटा निबंध बड़े की अपेक्षा अधिक अच्छा होता है, क्योंकि बड़े निबंध में रचना की सुंदरता नहीं बनी रह सकती। इस कथन को मान लेने में ही मेरा लाभ है। मुझे छोटा ही निबंध लिखना है, बड़ा नहीं। पर लिखूँ कैसे? निबंधशास्त्र के उन्हीं आचार्य महोदय का कथन है कि निबंध के दो प्रधान अंग हैं- सामग्री और शैली। पहले तो मुझे सामग्री एकत्र करनी होगी, विचार-समूह संचित करना होगा। इसके लिए मुझे मनन करना चाहिए। यह तो सच है कि जिसने जिस विषय का अच्छा अध्ययन किया है, उसके मस्तिष्क में उस विषय के विचार आते हैं। पर यह कौन जानता था कि 'दूर के ढोल सुहावने' पर भी निबंध लिखने की आवश्यकता होगी। यदि यह बात पहले से ज्ञात होती तो पुस्तकालय में जाकर इस विषय का अनुसंधान कर लेता; पर अब समय नहीं है। मुझे तो यहीं बैठकर दो ही घंटों में दो निबंध तैयार कर देने होंगे। यहाँ न तो विश्वकोश है और न कोई ऐसा ग्रंथ जिसमें इन विषयों की सामग्री उपलब्ध हो सके। अब तो मुझे अपने ही ज्ञान पर विश्वास कर लिखना होगा।

I) निबंध छोटा क्यों होना चाहिए ?

क. बड़े के अपेक्षा अच्छा होने के कारण

ख. विद्वान का कथन होने के कारण

ग. रचना की सुंदरता ना रहने के कारण

घ. ना लिख पाने की स्थिति के कारण

II) निबंध के प्रधान / मुख्य अंग कौन-से हैं ?

क. अनुसंधान और विश्वकोश

ख. विचार समूह और मनन

ग. छोटा और सुंदर

घ. सामग्री और शैली

III) 'दूर के ढोल सुहावने' का क्या अर्थ है ?

क. दूर से ढोल का बजना

ख. दूर की वस्तु अच्छी लगना

ग. ढोल का दूर से सुहावना लगना

घ. ढोल का दूर होना

IV) निबंध लिखने में लेखक के सामने मुख्य समस्या कौन-सी थी ?

क. ग्रंथ का अभाव

ख. विश्वकोश का अभाव

ग. विषय के ज्ञान का अभाव

घ. दो घंटे में दो निबंध लिखना

V) निबंध लिखने के लिए कौन-सी विशेषता की आवश्यकता नहीं हैं ?

क. पुस्तकालय में अनुसंधान

ख. विश्वकोश और ग्रंथ

ग. सामग्री और शैली

घ. सरल विषय और निपुणता

9. निम्नलिखित गद्य आधारित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2X3=6)

क. हीरा और मोती केवल दो बैल ही नही,बल्कि दो विचारधाराएँ थीं,कैसे ? पाठ 'दो बैलों की कथा' के आधार पर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए |

ख. पाठ 'क्या लिखूँ' में लेखक ने किस समस्या पर विचार अभिव्यक्त किए हैं ? ए.जी. गार्डीनर और मानटेन की विचार पद्धति में अंतर स्पष्ट कीजिए ?

ग. ताई के मिट्ठू के प्रति विशेष लगाव के क्या कारण थे ? पाठ 'संवादहीन' के आधार पर उत्तर दीजिए ?

घ. ताई ने अपने अकेलेपन का साथी किसे चुना और क्यों ?

10. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1X5=5)

समाचार कहि जनक सुनाए। जेहि कारन महीप सब आए।
सुनत बचन फिरि अनत निहारे। देखे चापखंड महि डारे।।
अति रिस बोले बचन कठोरा। कहु जड़ जनक धनुष कै तोरा ।।
बेगि देखाउ मूढ़ न त आजू । उलटउँ महि जहँ लहि तव राजू।।
अति डरु उतरु देत नृपु नाहीं। कुटिल भूप हरषे मन माहीं।।
सुर मुनि नाग नगर नर नारी। सोचहिं सकल त्रास उर भारी।।
मन पछिताति सीय महतारी। बिधि अब सँवरी बात बिगारी।।
भृगुपति कर सुभाउ सुनि सीता। अरध निमेष कलप सम बीता।।
सभय बिलोके लोग सब जानि जानकी भीरु ।।
हृदयं न हरषु बिषादु कछु बोले श्रीरघुबीरु ।।

1) दूत ने राजा जनक को क्या समाचार दिया ?

क. सभी राजाओं के आने का

ख. परशुराम जी के आगमन का

ग. श्री राम-लक्ष्मण के आने का

घ. सभा के सभी सदस्यों के आने का

11) परशुराम के क्रोध से कौन प्रभावित नहीं हुआ ?

क. नर और नारी

ख. सभा के सदस्य

ग. सीता और उनकी माताजी

घ. श्रीराम

111) "कुटिल भूप हरषे मन माहीं" - ये कुटिल राजा कौन थे ?

क. जनक के सैनिक

ख. अयोध्या के राजा

ग. जो धनुष भंग नहीं कर पाए

घ. परशुरामजी के शिष्य

IV) परशुरामजी ने क्या धमकी दी ?

क. जनक को बंदी बनाने की

ख. पूरी पृथ्वी उलटने की

ग. धनुष जोड़ने की

घ. युद्ध छेड़ने की

V कौन-सा भाव इस पद्यांश में नहीं अभिव्यक्त किया गया ?

क. भय

ख. आदर

ग. क्रोध

घ. व्यंग्य

11. निम्नलिखित पद्य आधारित प्रश्नों के पढ़कर चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2X3=6)

क. भक्त अपने ईश्वर से नाता क्यों नहीं तोड़ना चाहते ? अपने ईश्वर के प्रति विश्वास को किस प्रकार स्पष्ट करते हैं ? रैदास के दूसरे पद के आधार पर उत्तर दीजिए |

ख. पाठ 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' एक उत्तम संवाद कला का उदाहरण है,कैसे ?

ग. भारत माता की स्तुति करते हुए कवि द्वारा कविता 'भारति,जय,विजकरे !' के आधार पर किए गए प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए |

घ. कविता 'भारति,जय,विजकरे !' में कवि की किस भावना की अभिव्यक्ति मिलती है ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 60-80 शब्दों में दीजिए - (4X2=8)

क. पाठ 'क्या लिखूँ' में वर्णित आदर्श निबंध की कौन-सी विशेषताएँ बताई गई हैं ? आप निबंध लिखते समय किस प्रकार तैयारी करते हैं ?

ख. पाठ 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' को पढ़ने के बाद उसमें आए पात्रों से आपको कौन - कौन से जीवन मूल्य सीखने को मिले ?

ग. पाठ 'संवादहीन' और 'दो बैलों की कथा' में आपको कौन-सी समानताएँ देखने को मिलीं ? कौन-सी कहानी ने आपको अधिक प्रभावित किया और क्यों ?

## खंड - घ ( रचनात्मक लेखन )

13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5)

**क. डिजिटल भारत**

**संकेत बिंदु** - तकनीक युग , बढ़ता प्रसार/प्रभाव , लाभ - हानि

**ख. पर्यावरण संरक्षण**

**संकेत बिंदु** - अर्थ , महत्त्व , नियंत्रण और आवश्यकता

**ग. महँगाई**

**संकेत बिंदु** - कारण , प्रभाव , दूर करने के उपाय

14. विदेश में रह रहे आपके मित्र को आपके पाठ्यक्रम की नौवीं कक्षा की सभी पुस्तकों में आए बदलाव के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए | (5)

**अथवा**

पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता की शिक्षा देते हुए पिताजी की ओर से पुत्र / पुत्री को पत्र लिखिए |

15. चैट जी पी टी के बढ़ते प्रभाव और प्रयोग पर अध्यापक और विद्यार्थी के मध्य संवाद को लिखिए | (5)

**अथवा**

सरकारी नौकरी या अपने व्यवसाय का चुनाव विषय पर दो मित्रों के मध्य हुई वार्ता का संवाद लिखिए

16. निम्नलिखित चित्र को देखकर 80-100 शब्दों में भावाभिव्यक्ति दीजिए - (5)

